# मां-बेटी कर रही थी ब्राउन शूगर का कारोबार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**किराए के मकान में चल रहा था नशा कारोबार, 70 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद**


राजधानी में ब्राउन शूगर सप्लाई में मास्टरमाइंड हैं महिलाएं!

पहले ही पकड़े जा चुके हैं गांधी व रिजवाना

**खबर मन्त्र की खबर पर रांची पुलिस की कार्रवाई**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची पुलिस ने नशा कारोबार का खुलासा किया है। एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पंडरा ओपी की पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंडरा ओपी क्षेत्र के बजरा से 70 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ पुलिस ने मां और बेटी को गिरफ्तार किया है। ये दोनों किराए के मकान में रहती थीं। वहीं से दोनों नशे का कारोबार चलाती थीं। बरामद किए गए ब्राउन शुगर की बाजार में कीमत पांच लाख रुपए है।



**जसलोक अस्पताल के पीछे रहती हैं मां- बेटी :** ब्राउन शूगर के साथ गिरफ्तार मां-बेटी क्रमशः एनी बरला और अंतू पूर्ति हैं। दोनों खूंटी के कर्रा महुगांव की रहनेवाली है। एसएसपी को गुप्त सूचना मिली कि पंडरा ओपी एरिया के जसलोक अस्पताल के पीछे सुभाष नगर बड़काटोली में एक महिला ब्राउन शूगर बेच रही है। पुलिस सत्यापन के लिए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में वहां पर छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस की छापेमारी होते देख दोनों महिलाएं वहां से भागने लगी। इसी बीच महिला पुलिसकर्मियों ने दोनों को दबोच लिया।

**निखिल देता था ब्राउन शूगर :** पकड़े जाने के बाद एनी बरला ने बताया कि वह ब्राउन शूगर अरगोड़ा के निखिल नामक युवक से 150 रूपए प्रति पुड़िया लेती थी और ग्राहकों को दो सौ रुपए प्रति पुड़िया की दर से बेचती थी।

खबर मन्त्र ने अखबार में यह खबर प्रकाशित की थी कि रांची में ब्राउन शूगर की मास्टर माइंड महिलाए हैं, इस पर खबर पर रांची पुलिस ने ब्राउन शूगर के आरोपियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी अभियान चला रही है।

**स्वास्थ्य मंत्री, स्थानीय विधायक की मौजूदगी में होगा नये भवन का उद्घाटन**

# खत्म हुआ इंतजार, सदर हॉस्पिटल के नए भवन में आज से शुरू होगा इलाज

**नए भवन में होगी सेंट्रलाइज्ड ओपीडी की व्यवस्था, 24 घंटे इमरजेंसी व्यवस्था**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नवनिर्मित राज्य के सबसे बड़े सदर अस्पताल में 15 साल बाद आज से ईलाज शुरू कर दिया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता दिन के 11.30 बजे सांसद संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह की मौजूदगी में इसका उद्घाटन किया जायेगा। रांची के सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार ने बताया कि मंगलवार को उद्घाटन के बाद मरीजों को इलाज की सुविधा इस परिसर में मिलने लगेगी।

बता दें कि सदर अस्पताल भवन का निर्माण वर्ष 2007 से किया जा रहा था। जी प्लस आठ के इस भवन में मरीजों को सुपरस्पेशलिटी सुविधा दी जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों के ओपीडी और मॉड्यूलर ओटी में ऑपरेशन की सुविधा मिलेगी।



**ग्राउंड फ्लोर में मरीजों को इमरजेंसी और ओपीडी की मिलेगी सुविधा :** सिविल सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर में ओपीडी और इमरजेंसी की सुविधा दी जाएगी। इमरजेंसी 24 घंटे संचालित रहेगा। इमरजेंसी में सभी सुविधाओं से लैस 16 बेड पर मरीजों को इलाज की सुविधा मिलेगी। वहीं ओपीडी में मेडिसिन, सर्जरी, पीडियाट्रिक, ऑब्स गाइनी, मनोचिकित्सा, स्कीन ऑर्थो, एनसीडी कैंसर स्क्रीनिंग, हेमाटोलॉजी, कार्डियोलॉजी विभाग में परामर्श की सुविधा मिलेगी।

**टीएमटी, ईसीजी, इको की मिलेगी सुविधा, 24 घंटे पैथोलॉजी जांच की सुविधा :** सरकारी दर पर टीएमटी, ईसीजी और इको के लिए अब रिम्स पर आश्रित रहना नहीं होगा। सदर अस्पताल में मरीजों को अब टीएमटी, ईसीजी और इको सुविधा मिलेगी। ईसीजी की सुविधा 24 घंटे मरीजों को दी जाएगी। इसके अलावा सदर अस्पताल में मरीजों को पैथोलॉजी जांच और एक्सरे की सुविधा 24 घंटे मिल सकेगी। सिविल सर्जन ने कहा कि खून जांच के लिए निजी केंद्रों के भरोसे नहीं रहना होगा।

**कार्डियोलॉजी, हेमाटोलॉजी, जेनेटिक्स विभाग की सुविधा एक अप्रैल से होगी बहाल :** सदर अस्पताल में एक अप्रैल से कार्डियोलॉजी, हेमाटोलॉजी और जेनेटिक्स विभाग के चिकित्सक मरीजों को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। आयुष्मान योजना के तहत डॉ राजेश कुमार झा हृदय रोगियों को परामर्श देंगे। वहीं हेमाटोलॉजी विभाग में डॉ अभिषेक रंजन मरीजों को परामर्श देंगे। हेमाटोलॉजी में थैलेसिमिया, ब्लड कैंसर, सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित रोगियों को बेहतर परामर्श मिल सकेगा। बताते चलें कि अब तक इस विभाग की सुविधा किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं मिलती है। वहीं जेनेटिक्स विभाग में डॉ अजय मलकानी जन्म से पहले नवजात बच्चों में होने वाली परेशानी को भांप कर उनका इलाज और जांच करेंगे।

**ग्राउंड फ्लोर में रहेगी ये व्यवस्था :**
नए भवन में सेंट्रलाईज्ड ओपीडी की व्यवस्था होगी। ग्राउंड फ्लोर जी-1 में पीडियाट्रिक ओपीडी, जी-2 में स्किन और वीडी, जी-3 में सर्जरी, जी-4 में मेडिसिन, जी-5 में ऑथोर्पेडिक, जी-6 ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, जी-7 में एनसीडी कैंसर स्क्रीनिंग, जी-9 में ड्यूटी डॉक्टर रूम, जी-10 में इमरजेंसी ओपीडी, जी-11 में नर्स ड्यूटी रूम, जी-12 में इमरजेंसी वार्ड और ग्राउंड फ्लोर में ही माइनर ऑपरेशन थिएटर, एक्सरे रूम व अन्य की व्यवस्था होगी।

**500 कर्मी संभालेंगे व्यवस्था :**
सदर अस्पताल के उद्घाटन के बाद से मरीजों को 520 बेड पर इलाज की सुविधा मिलेगी। व्यवस्था को संभालने के लिए 500 कर्मी मौजूद रहेंगे। सभी फ्लोर पर अलग से फ्लोर मैनेजर रहेंगे। इसके अलावा फ्लोर स्टॉफ, सुपरवाइजर भी रहेंगे, जिनका काम फ्लोर में मरीजों को होने वाली सभी तरह की समस्या का निदान करना होगा।

## छठ महापर्व : अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोक आस्था और विश्वास के महापर्व छठ के तीसरे दिन सोमवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने चडरी तालाब में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर राज्य की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा।

आलोक दूबे एवं राजेश गुप्ता ने सूर्य उपासना एवं छठ महापर्व की राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मेंहुल दूबे, महेश पासवान, रॉकी वर्मा, महेश वर्मा, विजय कुमार, संजय प्रसाद सहित कई समाजसेवी ने भी अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया।

## रतन हाइट्स मामले में रांची डीसी हाईकोर्ट में हुए हाजिर, कोर्ट ने कहा- मेकॉन वेरीफाई कर बतायें रिटेनिंग वॉल सही है या नहीं ?

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में रांची डीसी कोर्ट में हाजिर हुए। कोर्ट के आदेश के आलोक डीसी ने जवाब दाखिल किया। डीसी ने कोर्ट में बताया है कि रिटेनिंग वॉल कैसा होना चाहिए इसका डिजाइन बीआईटी मेसरा 20 अप्रैल के बाद दे सकता है। बीआईटी अभी शैक्षणिक एक्टिविटीज में बिजी है। इस पर कोर्ट ने मेकॉन के अधिवक्ता को मौखिक कहा कि वह मेकॉन से इंस्ट्रक्शन ले कि वह रिटेनिंग वॉल की जांच करेगा या नहीं। अगर रिटेनिंग वॉल सही नहीं है तो डिजाइन में कितना खर्चा लगेगा, इसका इस्टीमेट दे। कोर्ट को बताया गया कि रिटेनिंग वॉल का जो खर्चा होगा वह डीसी की ओर से वहन किया जाएगा। कोर्ट ने मौखिक कहा कि मेकॉन



वेरीफाई कर बताये रिटेनिंग वॉल सही है या नहीं? कोर्ट ने मामले की सुनवाई 29 मार्च निर्धारित की है।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने डीसी को कहा था कि वह रिटेनिंग वॉल के संदर्भ में बीआईटी मेसरा से वेरीफाई कर बताएं कि वहां के निवासियों की सेफ्टी के लिए यह ठीक है या नहीं। कोर्ट ने इस संदर्भ में रांची डीसी को रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। पूर्व में रांची डीसी ने रिटेनिंग वॉल के लिए आवश्यक पैरामीटर्स के बारे बीआईटी मेसरा की ओर से पूछा था और जांच कराई थी। रतन हाइट्स के निवासियों की ओर से बताया गया यह रिटेनिंग वॉल नहीं बन रहा है, यह बेसमेंट बनाया जा रहा है। बीआईटी मेसरा ने भी रिटेनिंग वॉल को सही नहीं बताया था। कोर्ट ने बिल्डर वीकेएस रियलिटी द्वारा 46 कट्ठा जमीन पर बनाए जाने वाले जी प्लस 5 भवन के निर्माण कार्य पर रोक जारी रखी है। रांची नगर निगम ने 24 जनवरी 2023 को इसके निर्माण पर रोक लगाई थी, साथ ही 86 में से 40 कट्टा में बने भवन के बाद सड़क के बगल में दीवाल पार्टीशन करने को कहा था ताकि वहां मिट्टी नहीं धंसे। प्रार्थी की ओर से सुमित गड़ोदिया, रोहित रंजन सिन्हा एवं रांची नगर निगम की ओर से शशांक शेखर ने पैरवी की।

**खबर एक नजर में**

### सीएम ने स्मार्ट सिटी निर्माण का किया निरीक्षण



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को स्मार्ट सिटी धुर्वा रांची में मंत्रियों के लिये बन रहे निमार्णाधीन आवास एवं आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों मंत्रियों के लिए बन रहे निमार्णाधीन आवास की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने तेज गति से आवासीय परिसर का निर्माण कार्य करते हुये निर्धारित समयावधि में योजना को पूर्ण करने का निर्देश भी पदाधिकारियों को दिया। मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 22 लाख ठगी का आरोपी 5 साल बाद गिरफ्तार

**रांची।** चुटिया थाना पुलिस ने जमीन दिलाने के नाम पर 22 लाख रूपए ठगी करने के मामले में नवीन केरकेटटा को गिरफ्तार किया गया है। वह पांच सालों से फरार था। पुलिस ने बताया कि नवीन केरकेटटा पर रांची के विभिन्न थानों में ठगी के कई मामले दर्ज हैं। रांची पुलिस को उसकी पांच सालों से तलाश थी। चुटिया थाना पुलिस नवीन केरकेटटा से पूछताछ कर रही है।

### रांची पुलिस को मिला 20 फोल्डिंग स्ट्रेचर



**रांची।** रांची पुलिस को पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा 20 फोल्डिंग स्ट्रेचर दिया गया। न्यू पुलिस लाइन केंद्र में पीएनबी के अधिकारियों ने पुलिस को फोल्डिंग स्ट्रेचर को सौंपा। स्ट्रेचर देने के पीछे का उददेश्य रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर स्थित थाना को वाहन दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को उठाकर ले जाने में प्रयुक्त होगा। गौरतलब हो कि ग्रामीण थाना क्षेत्र में स्थित थाना के पास सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को ले जाने में पुलिसकर्मियों को काफी कठिनाई होती थी। जिस के निदान के लिए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के उप-महाप्रबंधक रांची से आग्रह किया गया कि आप अपने सीएसआर मद से रांची पुलिस को फोल्डिंग स्ट्रेचर उपलब्ध कराइए,ताकि घायलों को इलाज हेतु ले जाने में सुविधा हो।

### रांची-देवघर हवाई सेवा शुरू, 55 मिनट में पहुंचे यात्री



**रांची।** सोमवार को रांची से देवघर के लिए विमान सेवा की शुरूआत हुयी। महज 55 मिनट में यात्री अपने गंतव्य तक पहुंच गये। पहले दिन देवघर से रांची आने के लिए लगभग 25 लोगों ने बुकिंग कराई थी। इस बीच रांची-देवघर के बीच विमान सेवा शुरू होने की खुशी में बिरसा मंडा एयरपोर्ट पर इंडिगो के स्टॉफ द्वारा केक काट कर यात्रियों का स्वागत किया गया। रांची से देवघर के लिए इंडिगो की 78 सीटर फ्लाइट 6ई 7964 दोपहर 3:25 बजे उडान भरी और शाम 4.25 बजे देवघर पहुंची। वहीं, देवघर से रांची के लिए फ्लाइट 6ई 7965 शाम 4:45 उड़ान भरी और रांची शाम 5:45 बजे पहुंची। यह सेवा सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार व शनिवार को मिलेगी।

## रांची रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने यात्रियों को पीटा

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर जीआरपी पुलिस ने 26 मार्च को रांची से पटना जाने के लिए टिकट काउंटर के पास खड़े यात्रियों को पीटा। यात्री टिकट नहीं मिलने के कारण काउंटर पर बैठे रेलवे कर्मचारी और जीआरपी पुलिस से सवाल कर रहे थे कि आखिर उन्हें टिकट क्यों नहीं मिल पा रहा है। पर, पुलिस कर्मी यात्रियों के साथ अभद्रता से पेश आये और उन्हें स्टेशन से बाहर निकालने लगे। यात्रियों ने विरोध किया और वीडियो बनाने की कोशिश की तो जीआरपी जवान भड़क गए और यात्री की पिटाई शुरू कर दी। इस मामले में वरिष्ठ अधिकारी ऋषभ झा ने कहा कि पूरे मामले की जांच होगी। जांच का जिम्मा डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी को दी गई है।

## अंतिम मंगलवारी शोभा यात्रा आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री राम बानर सेना की बैठक अध्यक्ष लंकेश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। यह बैठक प्रधान कार्यालय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मैन रोड में हुई। बैठक में श्री राम बानर सेना के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। श्री सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम बानर सेना के द्वारा झांकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। झांकी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी अखाड़ाधारियों को पुरस्कृत किया जाएगा एवं सभी राम भक्तो पर पुष्प वर्षा की जायेगी। श्री मिश्रा ने बताया कि समिति की तैयारी आखरी चरण में है। श्री मिश्रा ने सभी अखाड़ाधारियों को श्री राम बानर सेना के तत्वावधान में आमंत्रित किया। बैठक में चुटुन पांडेय, पवन झा, अखिलेश राय, सूरज पांडेय, रमेश सिंह, सुदामा सिंह, विक्रम सिंह सहित दर्जनों पदाधिकारी शामिल थे।

एक अन्य खबर के अनुसार सोमवार को श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब के तत्वावधान में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 25 अखाड़ा के खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरुस्कार- श्री महावीर मंडल जगन्नाथपुर को मिला। द्वितीय पुरुस्कार -श्री महावीर मंडल सरना समिति तीतर टोला, पुन्दाग, तृतीय पुरुस्कार- श्री महावीर मंडल भुईया टोली को प्रदान किया गया। इसमें महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, अध्यक्ष अशोक पुरोहित, समाजसेवी रमेश सिंह, राजेश गुप्ता छोटू के द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने आये खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया।

## 6 अप्रैल को होगी झारखंड ऊर्जा संचरण निगम की जनसुनवाई

**रांची।** राज्य ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के एनुएल रिपोर्ट पर जन सुनवाई छह अप्रैल को होगी। इसका आयोजन झारखंड स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन भवन में किया जायेगा। आयोग ने बताया कि आयोग ने उर्जा संचरण निगम को उपभोक्ताओं और स्थानीय स्टेकहोल्डर्स से निगम के प्रस्ताव पर आपत्ति और सुझाव मांगने का आदेश दिया था। आयोग ने निगम को इसके लिये 14 मार्च तक का समय दिया था। इसके बाद संचरण निगम ने आयोग को सूचना दी कि उपभोक्ताओं की ओर से कोई भी आपत्ति या सुझाव नहीं दिया गया है। ऐसे में आयोग जन सुनवाई की प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद नियामक आयोग ने जन सुनवाई की तारीख तय की। इस दौरान एनुअल परफॉर्मेंस रिव्यू, एनुअल रेवेन्यू रिक्वायरमेंट प्रस्तावों पर चर्चा की जायेगी।

## डीपीएस के स्टेट टॉपर्स को सीएम ने किया सम्मानित




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीपीएस रांची के सीबीएसई 2022 के स्टेट टॉपर्स, शाकेब अरसलान, स्मृति गोयल और आदित्य कुमार शर्मा को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री ने हार्दिक प्रसन्नता प्रकट करते हुए विद्यार्थियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शाकेब अरसलान और स्मृति गोयल को 3 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया और आदित्य कुमार शर्मा ने 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। मालूम हो कि शाकेब अरसलान और स्मृति गोयल ने 12वीं में 99.4 प्रतिशत हासिल किया था, जबकि आदित्य कुमार शर्मा ने 99.4 प्रतिशत हासिल किया था। शाकेब (ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में) और स्मृति (वाणिज्य स्ट्रीम में) ने झारखण्ड राज्य में प्रथम रैंक हासिल किया था एवं आदित्य कुमार शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया था। छात्रों की उपलब्धि से उत्साहित होकर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और उनकी आगामी प्रयासों में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**मारपीट में लवकुश शर्मा जख्मी, बरियातू पुलिस की सुरक्षा में कैदियों को पहुंचाया गया जेल**

# चलती गाड़ी में चले लात-घूंसे, कैदी वाहन के ड्राइवर की सूझबूझ से थमी कैदियों की मारपीट

**कैदियों को सिविल कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था**

**लवकुश शर्मा और राज वर्मा गुट में हुई हाथापाई, पुलिस ने गेट बंद किया**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कैदियों को सिविल कोर्ट से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा ले जा रही कैदी वाहन में सोमवार को जमकर लात-घूंसा चला। कैदी वाहन में सवार कुख्यात अपराधी लवकुश शर्मा और राज वर्मा के बीच किसी बात को लेकर वाहन में बहस हुई।



बहस होने के बाद दोनों गुट के लोग कैदी वाहन में ही भिड़ गए। बताया जाता है कि कैदी वाहन में दोनों के बीच बैठने को लेकर विवाद हुआ, वहीं दूसरी ओर यह कहा जा रहा है कि लवकुश शर्मा और राज वर्मा के बीच पुरानी अदावत है।

**बरियातू थाने में अफरा-तफरी, गेट को किया गया बंद :** जानकारी के मुताबिक, सोमवार को कुख्यात अपराधकर्मी लवकुश शर्मा और राज वर्मा को सिविल कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। सिविल कोर्ट में दोनों की एक बार नोंक-झोंक की भी नौबत आई, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने वहां टाल दिया। इसी बीच कैदी वाहन कैदियों को लेकर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार जा रही थी। रिम्स के समीप राज वर्मा और लवकुश शर्मा गुट में जमकर मारपीट होने लगी। वैन में बैठे सुरक्षाकर्मी ने ड्राइवर को गाड़ी रोकने के लिए कहा, गाड़ी थोड़ी देर रूकी भी, लेकिन ड्राइवर ने तत्काल ही कैदी वैन को बरियातू थाना कैंपस में लाकर खड़ा कर दिया। इससे बरियातू थाना कैंपस में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद बरियातू थानेदार ज्ञानरंजन ने कैदियों को शांत रहने के लिए कहा, साथ ही साथ लवकुश शर्मा और राज वर्मा को चेतावनी दी। बरियातू थाने में पदस्थापित पुलिसकर्मियों ने कैदी वाहन को सुरक्षा घेरे में ले लिया और थाने का गेट बंद कर दिया। बाद में एसएसपी, सिटी एसपी व सदर डीएसपी को जानकारी दी गई। इसी क्रम में पुलिसकर्मियों ने कैदी वाहन ने लवकुश शर्मा और राज वर्मा को नीचे उतारा और काबू पाया। मारपीट की घटना के बाद लवकुश शर्मा और राज वर्मा को चोटें आई, जिसका रिम्स में इलाज किया गया और कैदी वाहन को पुलिस सुरक्षा में बिरसा मुंडा केद्रीय कारा में पहुंचाया गया।

उल्लेखनीय है कि लवकुश शर्मा और राज वर्मा के गैंग के बीच पुरानी अदावत है। राज वर्मा कालू लामा गिरोह से नाता रखता है। एक वर्ष पूर्व लवकुश शर्मा ने शिबू सोरेन आवास के पास सरेआम कालू लामा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## रांची से अपहृत नाबालिग गिरिडीह से बरामद, दो गिरफ्तार

**रांची।** रांची के सदर एरिया से लापता नाबालिग किशोरी को सोमवार को गिरिडीह के सर्किट हाऊस से बरामद किया गया। किशोरी के पिता ने सदर थाने में बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गिरिडीह के जिस सर्किट हाउस से नाबालिग को बरामद किया गया, वह किसी अधिकारी का कमरा था। तौहिद खान नामक युवक ने एक माह पूर्व ही लड़की को भगा कर ले गया था। उसने टोटो वाहन का इस्तेमाल किया था। पुलिस इस मामले को लव जेहाद के एंगल से देख रही है। पुलिस ने तौहिद खान और उसके भाई साहेब खान को नगर थाना पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने सदर थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी है। पुलिस गिरिडीह के लिए रवाना हो गई है। सदर थाना प्रभारी श्यामानंदन महतो ने बताया कि मो तौहिद खान और नाबालिग किशोरी गिरिडीह के रहनेवाले हैं।

### धूमधाम से मनी षष्ठी पूजा, आज सप्तमी पूजन



रांची। श्री चैती दुर्गा पूजा समिति डोरंडा द्वारा आयोजित मां भवानी की भव्य पूजा के निमित्त सोमवार को पूजा प्रांगण में षष्ठी की पूजा की गयी। पुरोहित अजीत पाठक के सान्निध्य में यजमान देवाशीष दत्ता व तान्या दत्ता ने पूजन अनुष्ठान संपन्न कराए। संध्या चार बजे पूजा प्रांगण से जलयात्रा निकाली गयी। जलयात्रा झंडा चौक गांधी मैदान विवेकानंद चौक होते हुए स्थानीय बटम तालाब पहुंची, जहां कोला बोऊ स्नान कराया गया। मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। पूजा प्रांगण में विधि विधान के साथ कोला बोऊ और कलमों को स्थापित किया गया। जलयात्रा में प्रकाश वर्मा, राकेश पाल, महेश विजय, मुकेश गुप्ता, हिमांशु शेखर दास, प्रमोद चौधरी, अरूण गुप्ता, दीपक राम, राकेश पाल, विनय गुप्ता, लड्डू साव, लवेश कुमार, योगेश्वर दूबे, डिम्पल नाग, संतोष अग्रवाल, गणेश साव, राजेश वर्मा, रामवृक्ष साव, बिनोद साव विजय वर्मा, शंकर गुप्ता, रंजन नाग सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। आज महासप्तमी की पूजा प्रात: नौ बजे प्रारंभ होगी।

## आज का राशिफल
28-03-2023

**मेष** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र में नए योजनाओं पर काम कर सकते हैं, जिससे अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**वृषभ** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। कार्यभार की अधिकता से परिश्रम अधिक करना पड़ेगा और भागदौड़ भी रहेगी, लेकिन कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। नए लोगों से मुलाकात होगी, जो लाभदायक रहेगी।

**मिथुन** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। थकान के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा।

**कर्क** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यभार की अधिकता रहेगी और कार्यक्षेत्र में अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। कामकाज को लेकर छोटा प्रवास हो सकता है। नये कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और कार्यों में सफल रहेंगे।

**सिंह** : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यवसाय-धंधा मध्यम रहेगा और कार्यक्षेत्र में बाधाएं आएंगी, लेकिन अपने प्रयासों और कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। फिर भी आशानुरूप सफलता नहीं मिलने से मन व्यथित रहेगा।

**कन्या** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में प्रगति होगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार अच्छा चलेगा और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। प्रॉपर्टी में निवेश का विचार करेंगे, जो लाभदायक सिद्ध होगा।

**तुला** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आर्थिक दृष्टि से स्थिति मजबूत होगी, लेकिन पारिवारिक समस्याएं आएंगी। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कार्यभार की अधिकता से दिन भागदौड़ में बीतेगा।

**वृश्चिक** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कारोबार विस्तार की योजनाएं बना रहे हैं, तो नये कार्यों की शुरूआत से बचें, वरना नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**धनु** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ मिल सकता है।

**मकर** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यवसाय में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुम्भ** : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधे में लाभ और नौकरी में आय में वृद्धि के योग रहेंगे, लेकिन नए कार्यों में शीघ्रता से बचें, वरना नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**मीन** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में स्थितियां चुनौतीपूर्ण रह सकती हैं। नौकरी-व्यवस्था में उन्नति या वेतन वृद्धि का मामला टल सकता है।

# शक्ति गलत व्यक्ति के हाथ में चली जाये, तो अनर्थ हो जायेगा : मनुश्री महाराज

## श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में छठे दिन मां कात्यायनी की धूमधाम से हुई पूजा

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** ओटीसी मैदान स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) के आवासीय कैंपस में वृंदावन से पधारे संत मनुश्री महाराज ने महायज्ञ में सोमवार की शाम सत्संग मंडप में श्रीमद भागवत के अमृत वचनों से वहां मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं को मुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि शक्ति गलत व्यक्ति के हाथ में नहीं जाना चाहिए। शक्ति का दुरुपयोग होगा तो अर्थ का अनर्थ हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि दोणाचार्य ने ब्रह्मास्त्र की शिक्षा अपने पुत्र को नहीं देकर अर्जुन को दी। उन्हें अपने बेटे पर शक था। उनका शक बाद में सही निकला था, क्योंकि महाभारत की लड़ाई में उनके बेटे अश्वथामा ने एक बार ब्रशास्त्र चलाने की कोशिश की थी। मनुश्री महाराज ने आगे यह भी कहा कि जीवन को ऐसे जियो कि समाज को एक लकीर दे जाओ, जिसपर समाज आगे बढ़े। जैसे हरिश्चंद्र ने सत्य की लकीर दी। हरिश्चंद्र का मतलब सत्य और सत्य मतलब हरिश्चंद्र। धर्म की रक्षा करते हुए राजा हरिश्चंद्र ने अपने जीवन को कैसे जिया। अपने वचन को निभाने के लिए पूरा राज्य दान कर दिया। समाज का सुधार के पहले स्वयं का सुधार किजिए, समाज सुधर जाएगा। हम राम को तो पूज रहे हैं, उनकी बातों को अपने अंदर नहीं ला रहे हैं। हम कृष्ण को तो पूज रहे हैं, उनकी बातों को अपने अंदर नहीं ला रहे हैं। ऐसा कर आप अनर्थ कर रहे हैं। सत्संग मंडप में अतिथि के रूप में उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, सहायक निदेशक भारत सरकार राकेश रंजन, भीम प्रभाकर, डा. मणि मुक्ता, बिश्वेश्वर बेक व चंद्रमणि खलखो पहुंचे थे।

### मां भगवती ने महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्म लिया, इसलिए कात्यायनी कहलायीं

**पौराणिक** काल में महर्षि कात्यायन थे, जिन्होंने मां भगवती की कठिन तपस्या कर उन्हें अपनी पुत्री के रूप में जन्म लेने का वर मांगा। मां भगवती ने उनकी प्रार्थना सुनी और उनके घर जन्म लिया। बाद में महिषासुर के विनाश के लिए भगवान ब्रह्मा, विष्णु व महेश ने अपने तेज से उस बालिका को देवी के रूप में प्रकट किया, जो मां कात्यायनी कहलायीं।

**वैदिक मंत्रों की ध्वनि से गूंजायमान रहा पूरा कैंपस :** श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा धूमधाम से हुई। महायज्ञ के पूजन मंडप में वाराणसी से आए यज्ञाचार्य नागेंद्र नाथ ओझा व सह यज्ञाचार्य निरंजन दास मिश्र के वैदिक मंत्रों की ध्वनि से पूरा परिसर गूंजायमान रहा। पुरोहित आचार्यों ने वैदिक मंत्र ऊं देवी कात्यायन्यै नमः, चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना, कात्याययनी शुभं दद्याद् देवी दानवाघातिनी। या देवी सर्वभूतेषु मां कात्याययनी रूपेण संस्थिता। से मां भगवती के इस स्वरूप का आवाहन किया और समस्त संसार के कल्याण के लिए आशीष मांगी। मां कात्याययनी का मतलब मां पार्वती होता है। इनका स्वरूप भी अत्यंत ही भव्य व दिव्य है। आचार्यों के अनुसार शास्त्रों में भी इस बात का उल्लेख है कि भगवान कृष्ण को पाने के लिए व्रज की गोपियों ने मां कात्याययनी की पूजा कालिंदी नदी के तट पर की थी। ये ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

**श्रद्धालुओं ने लिया साबूदाना की खीर का प्रसाद :** श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन के समापन पर वहां मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने साबूदाना की खीर का प्रसाद ग्रहण किया।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल शिक्षा में ला रहे हैं क्रांति : प्रो राव

## इक्फाई विवि में शिक्षा में चैटजीपीटी के उपयोग पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में शिक्षा में सोमवार को चैटजीपीटी (चैट जनरेटिव प्री-ट्रेन्ड ट्रांसफॉर्मर) के उपयोग के पक्ष और विपक्ष पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें काफी संख्या में छात्र-छात्राएं व प्राध्यापकों ने भाग लिया।

छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए इक्फाई विवि के वीसी प्रो ओआरएस राव ने कहा कि चूंकि डिजिटल तकनीक हमारे दैनिक जीवन को बदल रही है, इसलिए शिक्षा क्षेत्र कोई अपवाद नहीं है। हालांकि, चैटजीपीटी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल शिक्षा में शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया में क्रांति ला रहे हैं। चैटजीपीटी एक संवादात्मक मोड में छात्रों को प्रासंगिक और संक्षिप्त जानकारी प्रदान कर सकता है, जिससे समय और प्रयास की बचत होती है। हालांकि, इनपुट की शुद्धता की पुष्टि करने के बाद, महत्वपूर्ण सोच को सुविधाजनक बनाने के लिए इसे एक पूरक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। चैटजीपीटी के पक्ष में बोलने वाले छात्रों ने एक विशाल ज्ञान आधार तक पहुंच जैसे लाभों के बारे में बताया, जो छात्रों को जानकारी का खजाना प्रदान कर सकता है और उन्हें व्यक्तिगत शिक्षा में मार्गदर्शन कर सकता है, जो पारंपरिक शिक्षा में संभव नहीं हो सकता है। बड़ी संख्या में छात्रों ने चैटजीपीटी के लिए पंजीकरण कराया है और प्रतियोगी परीक्षाओं और लिखित संचार कौशल की तैयारी में लाभान्वित हुए हैं।

चैटजीपीटी के खिलाफ बोलने वाले छात्रों ने साहित्यिक चोरी की संभावना और छात्रों द्वारा महत्वपूर्ण सोच को प्रतिबंधित करने का उल्लेख किया जिससे शिक्षा का उद्देश्य विफल हो गया। उन्होंने चैटजीपीटी की सीमाओं पर भी प्रकाश डाला जैसे सीमित ज्ञान आधार और सॉफ्टवेयर को प्रदान किए गए प्रशिक्षण के कारण त्रुटियों की संभावना, मानव संपर्क की कमी और भावनात्मक बुद्धिमत्ता। विवि के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राज कुमार ने बताया कि कैसे वे छात्रों द्वारा कक्षाओं को अधिक रोचक और सहभागी बनाने के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कर रहे हैं। शीर्ष तीन प्रतिभागियों को मान्यता पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रियांशु (बीबीएएलएलबी सेमेस्टर-4), मिलिंद बिस्वास (बीसीए, सेमेस्टर-6) और यशराज (बीसीए, सेमेस्टर-6) को प्रदान किए गए।

प्रबंधन अध्ययन संकाय के सहायक डीन डॉ भागवत बारिक ने मूल्यांकन के आधार के बारे में बताया और पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन आईटी संकाय द्वारा किया गया, जिसका समन्वय डॉ अभय सिन्हा और विभाग के संकाय सदस्यों ने किया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय की बीसीए छात्रा राजनंदानी ने किया।

## पिठोरिया के डॉ शाश्वत केसरी का न्यूयॉर्क के इंटरनल मेडिसिन में चयन

**रांची।** झारखंड के लिए प्राइड की खबर है। राजधानी रांची से सटे पिठोरिया निवासी डॉ शाश्वत कृति केसरी ने उच्च चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में अपने गांव, शहर और झारखंड का मान बढ़ाया है। डॉ शाश्वत कृति केसरी का चयन न्यूयॉर्क के इंटरनल मेडिसिन में हुआ है। साल 2015 में शाश्वत का चयन एमबीबीएस के लिए एम्स भोपाल में हुआ था। वहां से एमबीबीएस करने के बाद उन्होंने यूएसएमएलई की परीक्षा पास की। चार महीने अमेरिका में रहकर क्लिनिकल एक्सपीरियंस लिया। इसके बाद उनका चयन न्यूयॉर्क राज्य के मोंटेन्टेफायरे संत लूकास कॉर्नबेल मेडिसन कॉलेज न्यूबर्ग में हो गया है। वहां से वे इंटरनल मेडिसिन में तीन साल तक रेसीडेंसी करेंगे। बताते चलें कि यूएसएमएलई की परीक्षा में पूरे विश्व के डॉक्टर बैठते हैं, जिनमें कुछ लोगों का ही चयन हो पाता है। शाश्वत रांची जिले के पिठोरिया गांव के साहित्यकार डॉक्टर बीपी केसरी के पोते हैं। उनकी मां डॉ. सुनीता केसरी बीआईटी मेसरा में फिजिक्स की प्रोफेसर हैं और पिता डॉ. संजय कुमार केसरी रांची के जाने-माने रेडियोलॉजिस्ट हैं। शाश्वत की सफलता पर पूरा परिवार, पिठोरिया क्षेत्र और झारखंड गौरवान्वित है।

## 10वीं व 12वीं के बच्चों को सम्मानित करना सीएम की ऐतिहासिक पहल : आलोक दूबे



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा भारतवर्ष में झारखंड पहला ऐसा राज्य बना जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन ने सोमवार को जैक बोर्ड, सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के 10 वीं एवं 12 वीं के बच्चों को सम्मानित कर एक ऐतिहासिक पहल की है। मुख्यमंत्री और सरकार अगर इस प्रकार का आयोजन करती है तो यकीनन बच्चों एवं अभिभावकों में उर्जा का संचार होता है और पढ़ाई के प्रति रुचि भी बढ़ती है। शिक्षा का विकास भी होगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल होगा। शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री की गंभीरता काबिले तारीफ है। विशेषकर कोरोना काल में पूरे देश में झारखंड अकेला ऐसा राज्य था जब उन्होंने स्कूल संचालन की अनुमति दी थी, जिसका अभिभावकों ने काफी सराहना किया था और उसके बाद से ही झारखण्ड की पहल के बाद दूसरे प्रदेशों में भी स्कूलों का संचालन शुरू हुआ था। पासवा अध्यक्ष ने कहा पिछले 11 वर्षों से राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद के नेतृत्व में देश के विभिन्न राज्यों में टॉपर्स बच्चों सम्मानित करता चला आ रहा है और अबतक लगभग 2 लाख से अधिक बच्चों को सम्मानित किया जा चुका है। इसी संदर्भ में पिछले वर्ष 8 अगस्त 2022 को झारखण्ड के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेल गांव में एक छत के नीचे 10 हजार से ज्यादा बच्चों को सम्मानित किया गया था, जो ऐतिहासिक था। इस मौके पर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद एवं पासवा के अभिभावक सह झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जी विशेष रूप से उपस्थित थे। झारखंड पासवा अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा इस बार जून के महीने में जब सभी बोर्ड के दसवीं एवं बारहवीं का रिजल्ट आ जाएगा तो पासवा 15 हजार मेधावी बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी प्रक्रिया मई के पहले सप्ताह से रजिस्ट्रेशन द्वारा शुरू हो जाएगी।

# गांधी शिल्प मेला अब 30 मार्च तक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पुष्प राजन, सहायक निदेशक विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, ने गांधी शिल्प बाजार की अपार सफलता को देखते हुए स्टॉल धारियों एवं दर्शकों की मांग पर गांधी शिल्प मेले को अब 30 मार्च तक बढ़ा दिया है। गांधी शिल्प मेले का आयोजन मोरहाबादी मैदान में हो रहा है।

वीर भरत मरांडी विकास आयुक्त हस्तशिल्प, भवानी प्रसाद विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विभु चौधरी सचिव छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी, अरिंदम चौधुरी सीइओ छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी, रोहित चौरसिया, अब्दुल मसीर मेला प्रभारी, निशांत तिग्गा सहायक मेला प्रभारी आदि ने मेले की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह का मेला प्रति वर्ष झारखंड के हर जिले में आयोजित किया जायेगा। इससे कलाकारों को और आर्टिजन को अपनी कला और उत्पाद को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है। इससे कलाकारों को और हस्तशिल्पकार को रोजगार के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी प्राप्त होता है। मेले में देश के प्रत्येक कोने से हर हस्तशिल्पकर्मी अपने-अपने उत्पाद के साथ अपने स्टॉल लगाये हैं। मेले में 200 स्टाल लगे हैं। सहारनपुर की लकड़ी के फर्नीचर जैसे सोफासेट, पलंग, आकर्षक झूले, भागलपुर की रेशम की साड़ियां, लखनऊ का चिकन वर्क, दिल्ली और मुरादाबाद के दोकरा और पीतल के उत्पाद को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। साथ ही, झारखंड के पकवान मेले के मुख्य आकर्षण हैं। मेले में प्रवेश निःशुल्क है।

# समय के साथ स्वयं में बदलाव लाना नैसर्गिक प्रकृति हो : प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में सोमवार से तीन दिनी सीबीएसई इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। शिक्षकों के लिए इस अध्यापन क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार अध्यापन के तरीके को अपनाने और उसे उत्कृष्ट करने के तरीकों पर रिसोर्स पर्सन ने प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में विषयवार शिक्षकों को दो वर्गों में विभाजित किया गया। भाषा, सामाजिक विज्ञान और नर्सरी शिक्षकों का एक ग्रुप एवं गणित, विज्ञान और कम्प्यूटर साइंस के शिक्षकों का दूसरा ग्रुप था। पहले ग्रुप में डीएवी नीरजा सहाय के अवधेश कुमार सिंह ने एक्सपीरेंशियल लर्निंग, डीएवी बरियातू की रेशमा नसीम ने आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग और डीएवी पुंदाग की तनुश्री चक्रवर्ती ने टीचर्स एज लर्नर्स पर प्रस्तुति में बताया कि किस तरह पढ़ाई के अन्य तरीकों को अपना कर अध्यापन रुचिकर बनाया जा सकता है। दूसरे ग्रुप में डीएवी बरियातु के बाल विकास तिवारी ने इक्सपेरेंशियल लर्निंग, पारुल सिन्हा ने आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग और रश्मि दूबे ने द साइंस ऑफ वेलनेस फॉर टीनएजर्स के पहलूओं पर नई शिक्षा नीति के संदर्भ में वर्तमान अध्यापन पद्धति में उसे अपनाने के विन्दुओं पर प्रकाश डाला। प्राचार्य विनय कुमार पांडेय ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि समय के साथ स्वयं में परिवर्तन लाना प्रत्येक मनुष्य का नैसर्गिक प्रकृति होनी चाहिए।

# रमजान में कुरान उतारा गया : आदिल अजीम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रमजान एक ऐसा अकेला महिना है जिसका नाम कुरआन में आया है। रमजान का महिना वो है जिसमे कुरआन उतारा गया। सूरह बकरह 185, रमजान में कुरआन को लौहे महफूज से आसमानी दुनया पर उतारा गया। फिर जब जब अल्लाह चाहता जरूरत के हिसाब से हमारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर कुरान को उतारता रहता। नबी सल्ल ने फरमाया जब रमजान का महीना आता है, तो आसमान के सब दरवाजे खोल दिए जाते है और जहन्नम के सब दरवाजे बंद करदिये जाते है। और शयातीन को जंजीर से जकड़ दिया जाता है। सहाबा कराम रमजान के 6 महीने पहले अल्लाह तआला से दुआ मांगा करते थे, की ए अल्लाह हमें रमजान तक पहुंचा दे। ताकि हम रमजान का महिना पाकर इसमें खूब इबादत कर सके। अपने गुनाहों से तोबा करसके। और अपने नफ़्स को पाक व साफ करसके। रमजान से खूब फायदा उठा सके। अल्लाह पाक हम सबको रमजान पाक का कद्र करने वाला बनाए।

### नन्हे रोजेदार



खुदा से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती। रमजान माह में रोजेदार रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं। इसमें बच्चे भी पीछे नहीं हैं। रांची क्षेत्र में बड़ी संख्या में बच्चे भी इस बरकत के महीने में इबादत कर रहे हैं। खासकर ऐसे बच्चे अधिक उत्साहित हैं जो अपने जीवन में पहली बार रोजा रख रहे हैं। दिन भर रोजे में रहने के बाद वे इफ्तार करने की खुशी बच्चो में कुछ अलग ही देखा जा रहा है। सिटी पालिक स्कूल की दूसरी क्लास की छात्रा सिदरा जन्नत अपने पिता मौलाना अब्दुल माजिदए माता हुमा परवीन के साथ साथ रोजा रख रही है। पांचवी क्लास के मो जुनैद अपने पिता जाहिद खानए माता सैयदह परवीन के साथ रोजा रख रहा है। बच्चो का कहना है कि पहली बार रोजा रखकर उसे काफी खुशी महसूस हो रही है। उलेमा से सुना है कि बच्चे अपने घर से ही सीखते हैं। इसलिए जहां तक हो सके अपने घरों को दीनी माहौल बनायें।

# वैदिक चेतना शिविर नयी ऊर्जा का संचार करेगा : सिन्हा

## डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में दो दिवसीय वैदिक चरित्र निर्माण शिविर का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में सोमवार से दो दिवसीय वैदिक चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ प्रातः 8 बजे विशेष हवन से हुआ। सभी शिक्षकों एवं चुने हुए विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-बी एमके सिन्हा के साथ मिलकर हवन किया।

श्री सिन्हा ने सुख-समृद्धि,वैभव एवं स्वास्थ्य की कामना करते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के ऊपर पुष्प वर्षा की। उन्होंने कहा कि ये दो-दिवसीय वैदिक चेतना शिविर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में नई ऊर्जा एवं चेतना का संचार करेगा। इस शिविर के माध्यम से बच्चे दैनिक हवन, योगासन एवं वैदिक संस्कृति को समझेंगे। आज समाज में बहुत सारी विकृतियां,कुरीतियों फैल रही हैं,जिनसे हमें खुद को एवं अपने बच्चों को बचाना है।

आचार्य प्रकृत ने कहा कि आज अधिकतर लोग गलत जीवन शैली को अपनाने के कारण बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। हमें पता ही नहीं है कि हमें कब,कौन-सी ऋतु में क्या खाना है और क्या नहीं। आचार्या मनु ने भी भोजन पकाने एवं मसालों के गलत प्रयोग के दुष्प्रभावों के विषय में बताया। योगाचार्य धर्मवीर आर्य ने सूक्ष्म योगासनों का अभ्यास करवाया और कहा कि प्रतिदिन अगर हम 30 मिनिट इन आसनों का अभ्यास करेंगे तो हमेशा निरोगी रहेंगे। भजनोपदेशक आचार्य धर्मप्रकाश शास्त्री, शिक्षक डीएवी पब्लिक स्कूल, एन आई टी, जमशेदपुर ने ओ३म की महिमा और ऋषिदयानन्द की गाथा गा कर खूब तालियाँ बटोरीं। पण्डित सत्यकाम आर्य, शिक्षक डीएवी पब्लिक स्कूल, रजरप्पा ने भी अपने भजनों के माध्यम से सभी को झुमाया एवं मन्त्र-मुग्ध कर दिया। इस दो-दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर के संयोजक सुशील आर्य ने कहा कि आज बच्चे पा›ात्य संस्कृति की चकाचौंध के कारण अपनी सभ्यता-संस्कृति एवं वैदिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं। ये शिविर बच्चों में नैतिक मूल्यों से जोड़ने के लिए सेतु का काम करेगा। वे वैदिक विचारों और वास्तविक ज्ञान को करीब से समझ सकेंगे। इस अवसर पर डीएवी हेहल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ कपिलदेव डीएवी पब्लिक स्कूल कडरू के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया और वैदिक चरित्र निर्माण शिविर का लाभ उठाया।

## शिवशंकर श्रीनिवास को मिला विश्वंभर मैथिल साहित्य सम्मान

**रांची।** विश्वंभर फॉउंडेशन के तत्वावधान में सोमवार को साहित्य सम्मान 2022 शिवशंकर श्रीनिवास को देने की घोषणा की गयी। यह आयोजन अशोक नगर के मंदिर मार्ग स्थित के चिंतन स्थल के सभागार में हुआ। स्व विश्वम्भर झा के पुण्यतिथि के अवसर पर दो कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम हिन्दू नव वर्ष पंचाग विमोचन 2080 का विमोचन किया। इसके बाद विश्वम्भर मैथिली साहित्य सम्मान 2022 की घोषणा हुई। इस अवसर पर भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, विधायक सीपी सिंह सत्यनारायण सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, पार्षद अरुण कुमार झा, समाज सेवी रमेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# अशोक नगर मंदिर में रामनवमी की भव्य तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** अशोक नगर देवालय एवं चिंतन स्थल द्वारा चैत्र रामनवमी (30 मार्च) को लेकर भव्य सजावट की व्यवस्था की गयी है। मंदिर परिसर एवं आसपास के सड़कों को प्रभु श्री राम की पताका एवं ध्वजा से पाट दिया गया है। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार एवं कोषाध्यक्ष अजय पांडेय ने बताया कि रामनवमी महापर्व की भव्य तैयारी में मंदिर समिति पूरी तरह लगी हुई है। रामनवमी के दिन फूलों से विशेष सजावट और श्रृंगार किया जायेगा। लाइट एंड साउंड की व्यवस्था रहेगी। रामनवमी का विशेष रामप्रिय रोट का भोग में लगाया जायेगा। हर वर्ष भक्तों द्वारा किये जाने वाले पताका आरोहण के लिए भी परिसर में विशेष व्यव्स्था की गयी है। हर वर्ष रामनवमी में इस मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। इस मंदिर में लगभग सभी देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित है, इसलिए यहां रामनवमी पर भक्तों का सैलाब आता है। इसलिए मंदिर प्रबंधन भी भक्तों पर विशेष ध्यान रखता है। पिछले वर्ष से ही भक्तों को सुविधा प्रदान करने के लिए मंदिर परिसर में पूजन सामग्री, भोग आदि उपलब्ध रहता है।

स्पीड न्यूज

## ट्रेन के झटके से युवक की मौत, बीआईटी क्षेत्र का था मृतक

**नामकुम।** टाटीसिलवे पुलिस ने थानाक्षेत्र के आरागेट टंगराटोली समीप रेलवे ट्रैक से एक युवक का शव बरामद किया है। जिसकी शिनाख्त बीआईटी के रूदीया गांव के रहनेवाले रवि बहादुर राई 35 वर्ष के रूप में की गयी। थानेदार महेन्द्र करमाली ने बताया कि मृतक अपने ससुराल नामकुम के पाहनटोली गांव अपनी पत्नी को लेने आया हुआ था। उसी क्रम में रात में पडोस गांव बडाम में आयोजित आक्रेसट्रा देखने चला गया था। वापसी के क्रम में रांची गोडडा ट्रेन से झटका लगने से वह दुर जा गिरा और उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने षव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया। मृतक के पिता गोरे बहादुर बिशप वेस्टकार्ट गर्ल्स स्कूल में काम करते है।

## नामकुम में दुकान का शटर काटकर चोरी

**नामकुम।** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने चायबगान में अंडा के होलसेल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इस बाबत चोरों ने दुकान का शटर काट कर दुकान में रखे 25 हजार रूपए नकद और अन्य सामान चुरा कर ले गए। दुकान संचालक ज्ञानेश सिंह के अनुसार, चोर ऊपर की शीट काट कर दुकान में घुसे थे। दुकान में चोरी करते समय का फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## बाबा पहाड़ी मंदिर के लिए विधायक ने दिये एलईडी लाइट

**राहे।** राहे प्रखंड के प्रसिद्ध बिसना बाबा पहाड़ी शिव मंदिर के लिये विधायक सुदेश महतो ने दो एलईडी लाइट दिये। सोमवार को प्रखंड सचिव प्रमोद सिंह के द्वारा मन्दिर परिसर में मन्दिर संचालन समिति को लाइट सुपुर्द किये। मौके पर मंदिर के मुख्य पुरोहित तरुण मुखर्जीए एवम मंदिर संचालन समिति के संतोष पांडेय, कुंवर अहीरए लालू प्रजापति, अनूप सिंह, प्रमोद लाल, संतोष पांडे, शशि शेखर मिश्र, रंजीत पांडे, भुवन दास आदि मौजूद थे।

## बीमार छात्र ने लिखी परीक्षा, छात्रों के लिये बना प्रेरणास्त्रोत

**राहे।** ग्राम विकास हाई स्कूल पारमडीह का छात्र कई दिनों ने बीमार की स्थिति में मुरी सिंगपुर में भर्ती था। सोमवार को हाई स्कूल राहे में मैट्रिक की परीक्षा थी। छात्र ने अस्पताल से एंबुलेंस से केंद्र तक आया और बीमार हालत में ही परीक्षा लिखा। परीक्षा लिखने के बाद एंबुलेंस से ही अस्पताल पुनः चला गया। छात्र के इस जुनून से परीक्षार्थियों में चर्चा का विषय रहा।

## पिठोरिया में अखंड हरिकीर्तन आज

**पिठोरिया।** सनातन कीर्तन मंडली की एक बैठक चंद्रिका प्रसाद की अध्यक्षता में धर्मशाला भवन में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर श्री अखंड हरि कीर्तन का 24 घंटे का आयोजन किया जाएगा। कीर्तन का आरंभ 28 मार्च को प्रातः 9.00 बजे होगा और समापन 29 मार्च को होगा।

## ट्रैक्टर चालक की इंजन से दबकर मौत

खलारी। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के महुआ टांड में एक 27 वर्षीय ट्रैक्टर चालक की ट्रैक्टर इंजन से दबकर घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार शाम लगभग 4.30 बजे की है। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया है।

## सहेदा गांव में निकली प्रधानमंत्री आवास जागरूकता रैली

**नामकुम।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय एवं वाईबीएन विवि की एनएसएस समिति के संयुक्त तत्वाधान में हुडवा पंचायत के सहेदा गांव में प्रधानमंत्री आवास जागरूकता रैली निकाली गई।

# छठ महापर्व: भुवन भास्कर को अर्घ्य देकर मांगी सुख-शांति

## बेड़ो के डुकू छठ तालाब में अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के आसपास के गांवों में सूर्य उपासना के तीसरे दिन चैती छठ महापर्व के दौरान छठ व्रतियों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ अस्ताचलगामी भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। सोमवार की शाम छठ वर्तियों और श्रद्धालुओं का उत्साह और उल्लास श्रद्धा और भक्ति अपने चरम पर थी। बेड़ो के ऐतिहासिक डुकु तालाब के छठ घाट में भारी संख्या में पुलिसकर्मी महिला बल के साथ मौजूद रहकर छठ घाट में अपनी नजरें बनाए रखी। बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक डुकू छठ तालाब में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के पूर्व पवित्र जल में डुबकी लगाकर छठ व्रतियों ने सूर्य नारायण का ध्यान किया। डुकू छठ तालाब में भारी गंदगी के बीच लोगों ने छठ महापर्व के दौरान भगवान सूर्यनारायण को नमन करते हुए अर्घ्य प्रदान किया। इस मौके पर अनिल कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, मुन्ना महतो, सुरेश प्रसाद गुप्ता, मोतीलाल गुप्ता, गन्दुर गोप, राजकुमार गुप्ता, अंकित कुमार सोनी, श्रवण कुमार साहु, संगीत कुमार सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वही कई श्रद्धालुओं ने अपने घरों में ही छठ व्रत करके छतों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। अर्जुन प्रसाद गुप्ता, उमेश कुमार सिंह, मोहन सोनी कृष्णा सोनी सहित कई लोगों के घरों में ही छठ महापर्व के दौरान अर्घ्य प्रदान किया । इधर चार दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन मंगलवार की सुबह उदीयमान भगवान भुवन भास्कर को छठव्रती छठ घाटों व अपनी-अपनी छतों पर अर्घ्य देंगे। इस दौरान भगवान सूर्य की विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी और महाआरती भी आयोजित किया जाएगा। छठ घाट में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके बाद पारण के साथ लोक आस्था का महापर्व संपन्न हो जाएगा।



### अर्घ्य देने को तालाबों पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

**इटकी।** लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ के दौरान सोमवार की शाम छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ दिया। मौके पर इटकी के केसरी नया तालाब सहित अन्य जलाशयों में छठ वर्तियों के अलावा श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। जबकि कई लोगों ने अपने घरों में ही जलाशय की व्यवस्था कर भगवान भास्कर को अर्घ दिया। कल मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ देने के साथ ही महापर्व का समापन होगा।

### व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित किया अर्घ्य

चान्हो। प्रखंड के कई छठ घाटों में सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। इस दौरान प्रखंड के चोरेया, रोल, बिजूपाड़ा सहित लगभग सभी स्थानों पर कुछ लोगों ने छठ घाटों पर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने भी अपने परिजनों के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और लोगों को इस पर्व की शुभकामनाएं दी।

# भोंडा सरनाटोली से टॉवर में लगी बैटरी चोरी, मामला दर्ज

## गार्ड ने की शिकायत, पुलिस कर रही जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र में इन दिनों विभिन्न कंपनी के द्वारा लगाये गये टावर से बैटरी चोर गिरोह सक्रिय है। 25 मार्च की रात अपराधियों ने भोंडा सरनाटोली में लगे टावर विजन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की टावर को निशाना बनाया और बैटरी बैंक के 24 सेल की चोरी कर ली। इसकी साईट आईडी आरएलजेएच आरए नंबर 227 है। मामले को लेकर गार्ड विनोद कुमार यादव ने रातू थाने में लिखित शिकायत की है। टावर के जरिये ग्राहकों को आरजीआईओ और एयरटेल का सर्विस मिलता है। 26 की सुबह 5 बजे कंपनी के लीगल हेड मनोज विद्यार्थी ने गार्ड को फोन कर जिओ नेटवर्क डाउन होने की बात कही और इसकी जांच करने का निर्देश दिया। श्री यादव जब साईट पर पहुंचे। टावर की कैबिनेट बॉक्स में लगे 24 सेल बैटरी को गायब पाकर उनके होश उड़ गये। कैबिनेट बॉक्स को ड्रील मशीन से काट कर इसकी चोरी कर ली गयी। पुलिस जांच कर रही है।

### कंपनी को दी सूचना

श्री विनोद यादव ने श्री मनोज विद्यार्थी समेत साईट तकनीशियन पंकज सिंह को इसकी टेलीफोनिक सूचना दी। कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी और गार्ड ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। श्री यादव टावर से करीब एक किलोमीटर पर अवस्थित सूरज सिंह के मकान में बतौर किरायेदार हैं। वह जमुई जिले के झाझा लहनियाटांड़ कावर निवासी लक्ष्मी यादव के पुत्र हैं।

# मांडर: भारथी ग्रुप में कैंपस सलेक्शन

## कार्यक्रम में कई स्कूलों के प्रबंधक और प्राचार्य हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन में सोमवार को कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड के विद्यालयों के दर्जनों प्राचार्य व प्रबंधक शामिल हुए। भारथी कॉलेज से प्रशिक्षण प्राप्त बीएड एवं डीएलएड के विद्यार्थियों के लिए कैंपस सेलेक्शन में पिछले 05 साल में प्रशिक्षण प्राप्त किए सैकड़ों विद्यार्थियों को बुलाया गया, जिसमे लगभग 40 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों में किया गया। महाविद्यालय आने वाले स्कूलों में संत जगत ज्ञान नगड़ी, डीएवी आर्या कमड़े-मांडर, संत कोलम्बस स्कूल ओटीसी पंडरा, मुरगू, वंडरलैंड स्कूल मांडर, डॉल्फिन किंटरगार्टन बरियातु, दर-अल-आरकम स्कूल मांडर, संत लॉरेन्स स्कूल रातू के निदेशक प्राचार्य ने अपना बहुमूल्य समय देकर विद्यार्थियों का चयन किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि भारथी कॉलेज न केवल विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर रहा है, बल्कि उन्हें नियोजित करने के लिए प्रयासरत है। उन्हें नियोजित देखकर बहुत खुशी होती है। इस अवसर पर डीएलएड विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से महाविद्यालय का परिचय, आधारभूत संरचना, चल रहे कोर्सो के बारे में बताया ताकि इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण लोग ले सके। इस कार्यक्रम में बीएड एवं डीएलएड के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बेड़ो के हांदू प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हांतु गांव स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में चौथा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नागपुरी कवि क्षितिज कुमार राय मुखिया अनिता बाड़ाए पंसस बेरोनिका बाड़ा, सरीफ बड़ाईक, बुधराम बाड़ा, मुश्ताक मिरदाहा सेवानिवृत्त शिक्षक मो समीर व स्कूल के निदेशक सईम हुसैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहां विद्यालय परिवार ने अतिथियों को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर क्षितिज कुमार राय ने कहा प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा का अलख जगा रहा है।जहां बच्चों के विकास के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दे रही है। उन्होंने कहा पूरे प्रखंड में इस स्कूल की अलग पहचान बन गई है। निदेशक सईम हुसैन ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। विद्यालय में बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रधानाध्यपक भीखराम उरांव ने स्कूल की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।वही छात्र.छात्राओं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्र मुग्द कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नूरी, जोन खेस, जनक यादव, सुनील मेहरा, सोनी उरांव, अंजुम, अनूपा कुमारी, सहेना परवीन दीप्ती कुमारी ने सराहनीय योगदान दिया।

# खलारी: जमसं का सीसीएल मुख्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** कोल इंडिया प्रबंधन में बैठे अधिकारियों के गलत नीतियों के कारण कोयला क्षेत्र का औद्योगिक माहौल खराब हो रहा है11वां वेतन समझौता को लटका कर और समझौते के बावजूद 19 प्रतिशत एमजीबी पर उहापोह की स्थिति पैदा कर एक तरफ जहां मजदूरों को भड़काने का काम किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कंपनी में योगदान देने वाले नये अधिकारियों का 30.35 वर्षों तक काम करने वाले कामगारों के वेतन से तुलना कर अधिकारी और कर्मचारी के बीच विभेद पैदा करने का प्रयास किया जा रहा हैउक्त बातें जनता मजदूर संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कही 19 प्रतिशत एमजीबी एवं वेतन समझौता लागू करने की मांग को लेकर संघ ने सोमवार को सीसीएल मुख्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कोयला मजदूरों के खत्म होते सामाजिक सुरक्षा की समस्यायों को भी प्रमुख रूप से उठाया। प्रदर्शन को मनोज सिंह, संतोष कुमार, निर्मल सिंह, श्रीप्रसाद, जगदीश महतो, डीपी सिंह, निर्मल उरांव, गोल्टेन प्रसाद यादव आदि ने संबोधित किया।

# रामनवमी: विहिप ने निकाली बाइक रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल ने रामनवमी को लेकर खलारी पहाड़ी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाला। जुलूस विहिप खलारी प्रखण्ड मंत्री संजीत सिंह व सेवा प्रमुख अनिल यादव बजरंगदल युवा नेता प्रताप यादव के नेतृत्व में निकाला गया। इससे पुर्व खलारी पहाड़ी मंदिर में विहिप सह बजरंग दल के सैंकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुए। मौके पर कार्यकताओं के बीच भगवा गमछा का वितरण किया गया। बजरंग बली का पूजन कर कार्यकताओं ने श्री राम का जयकारा लगाया। इसके साथ ही भगवा झण्डा लगाए अपने बाइक व चार पहिया वाहनों से शोभायात्रा के लिये निकले। इस दौरान करीब 700 बाइक पर सवार सैंकड़ो रामभक्तों ने हाथों में भगवा झण्डा लेकर श्री रामएवीर हनुमान का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा खलारी पहाड़ी मंदिर से शुरू होकर हुटाप मोड़ होते हुए मैकलुस्कीगंज, नवाडीह, करकट्टा, खलारी बाजारटांडए, खलारी बैंक चौक, केडी मुख्य बजार, डकरा, मानकी, चुरी, राय, डुंडु, बमने, चुरी होयर, महावीरनगर होते हुए पुनः खलारी स्थित श्रीजानकी रमण मंदिर पर आकर समाप्त हुआ। जुलूस का कई स्थानों पर स्वागत हुआ।

# ओरमांझी में खुला आजीविका संसाधन केंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** ग्राम विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित झारखंड स्टेट लाइवलीहुड सोसाईटी (जेएसएलपीएस) के माध्यम से सोमवार को क्षेत्र के गांगोटीली ओरमांझी में आजीविका संसाधन केंद्र का उद्घाटन हुआ। जहां केद का खुला वह पहले स्कूल भवन था। स्कूल बंद होने के बाद वहां जुआरियों व शराबियों का अड्डा बन गया था। अब यहां पशुपालाकों किसानों का सुविधा केद व समूह की महिलाओं का रोजगार युक्त प्रशिक्षण होगी। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद ने केंद्र का उद्घाटन किया। केंद्र खुलवाने में पहल करने के लिए पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू व नोना पाहन की सरहाना की और कहा समुह की महिलाएं आज धार्मिक व सामाजिक कार्यो में अपनी महत्वपूर्ण भुमिका निभा रही है। उन्होंने कहा इमांदारी के कारण ही क्षेत्र में समुह का विकास हुआ है। महिलाएं चाहे तो नशापान जैसे कई सामजिक कुरूतियों को दूर कर सकती हैं। रामटहल चैधरी ने कहा कि क्षेत्र के कई सरकारी भवन खंडर में तबदिल हो गई है। उसे भी गांव व पंचायत के विकास के लिए कार्यालय व प्रषिक्षण केंद्र में तबदिल करने की जरूरत है। वहीं विषिष्ट अतिथि जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने कहा समाज की सार्वांगिण विकास के लिए सभी को साथ लेकर चलना होगा।

# चान्हो: अलग-अलग स्थान के दो कुएं से दो शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो-मांडर।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों से सोमवार को दो शवों को कुएं से बरामद किया गया है। चान्हो के रघुनाथपुर स्थित एक कुएं से सोमवार सुबह एक शव बरामद किया गया। शव की पहचान गांव के ही चालीस वर्षीय महेंद्र उरांव के रूप में की गई। वह चार दिनों से गायब था। कुआं में उसके शव को देख पुलिस को सूचना दी गई थी, जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंची चान्हो पूलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पंचायत के मुखिया महादेव उरांव के अनुसार उसके शरीर में किसी प्रकार के चोट का निशान नहीं है। बताया जाता है कि महेंद्र शुक्रवार को सरहुल जुलूस में शामिल होने सोस गया था, जिसके बाद वह वापस नही लौटा था। वहीं मांडर थाना क्षेत्र के मलती पंचायत सचिवालय के निकट स्थित कुएं से सोमवार को एक 65 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ जिसकी पहचान मलती गांव के ही रहने वाले बिरसा उरांव के रूप में की गई। बताया जाता है कि बिरसा रविवार को गांव में सरहुल को लेकर फूलखोंसी के कार्यक्रम शामिल होने गया था।

# कलश यात्रा के साथ हनुमत प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

## बेड़ो के बारीडीह में भव्य कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के बारीडीह गांव में ग्रामवासियों ने सोमवार को भव्य कलश यात्रा से तीन दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया गया। जहां महावीरी झंडा के साथ मंदिर परिसर से गणेश भगत व यजमान संजीव भगत सपत्नी माधुरी भगत की अगुवाई में सैंकडों श्रद्धालुओं ने बजरंग बलीए भगवान शंकरए जयश्री राम और मां भगवती के जयकारों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो बारीडीह गांव के पुल पहुंचा। जहां पूजा अर्चना के बाद जलकलश लेकर श्रद्धालुओं का जत्था पुनः मंदिर परिसर पर पहुंचकर एक धार्मिक समारोह में बदल गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान पुजारी सोनू पंडा संतेश्वर पांडेएवैदिक अरविंद पांडे विवेक मिश्रा की अगुवाई में धार्मिक अनुष्ठान में सर्ववेदी पूजन, संध्या आरती किया गया।

### चकला में हनुमत प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा



**ओरमांझी।** चकला में मंदिर स्थापित भगवान हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल 201 महिलाओं ने कार्यक्रम स्थल से कलश लेकर गांव भ्रमण करते हुए स्वर्णरेखा जलाषय पहुंचे। वहां से विधिवत जल भर यज्ञ स्थल पहुंचे। इस दौरान बाजे-गाजे व हनुमान पताका लिए भक्तों द्वारा जय हनुमान की जयकारा लगा रहे थें। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जीप सदस्य सरिता देवी, डा पारस नाथ महतो, रंधीर चैधरी, सत्यनारायण तिवारी, दुर्गा शंकर साहु, दिलीप मेहता, विष्णु महतो, लक्ष्मी नारायण महतो, रामबृक्ष महतो, राजगीर महतो, दिलीप महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### कार्यक्रम में इन्होंने निभाई भूमिका

मौके पर हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार रायए साधन कुमार रायए अजित कुमार रायएसंजय कुमार रायए सुजीत कुमार रायएसुधीर भगत मौजूद थे। समारोह को सफल बनाने में महादेव टाना भगतए महेश गोप कुलदीप गोपएसुनील उरांवए चरण लोहराए कृष्णा लोहराएजयराम गोप जतरू उरांवए लिटिया उरांवए मोहन उरांवए संजय उरांवए जयराम गोपए राज लोहरा व राजदेव लोहरा सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर में

### बेलवरण के साथ चैती दुर्गा पूजा शुरू



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के ओरमांझी में व कुच्चू में दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से चैती दुर्गा पूजा की जा रही। सोमवार को पूजा समिति ओरमांझी व कुच्चू में बेलवरण पूजा कर देवी-देवताओं का आहवान किया गया। वहीं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने चैती दुर्गा पूजा पंडाल का कुच्चू का उदघाटन किया और लोगों को दुर्गा पूजा के साथ रामनवी की बधाई व शुभकामनाएं दी। बेलवरन पूजा में पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्यामकिषोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू के साथ काफी संख्या में ग्रामीण थें। वहीं पंडाल के उदघटन में मेघनाथ प्रसाद, नागेन्द्र प्रसाद, नेवालाल महतो, बालक महतो, विजय आनंद, प्रेम कुमार, रामप्यारे महतो, संदीप कुमार, अमित राज, शशि भूषण आदि उपस्थित थें।

### स्कूल से इनवर्टर, चार्जर, स्टेबलाइजर की चोरी

**चान्हो।** राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल सिलागाईं से रविवार रात अज्ञात चोरों ने इन्वर्टर, चार्जर, स्टेबलाइजर और होम थियेटर बॉक्स को चुरा लिया। चोरी गए सामानों का कीमत लगभग सत्तर हजार रुपए बताई जा रही है। सोमवार को स्कूल खुलने का बाद टूटा हुआ ताला देख घटना की जानकारी विद्यालय कर्मियों को मिली। प्रधानाध्यापिका सुचिता कुजूर ने बताया कि चोरों ने ग्रील और गेट तोड़कर अंदर रखे सामानों की चोरी की है। मामले को लेकर चान्हो थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दे दिया गया है।

### चान्हो: वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

**चान्हो।** पुलिस ने पुराने केस मे वारंटी अंकित विश्वकर्मा नामक युवक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। वह महावीर नगर खलारी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार कोयला चोरी के एक पुराने मामले में उसके विरुद्ध वारंट निर्गत था। सूचना मिलने पर पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### संवैधानिक अधिकार के लिए रेल रोकेगा कुड़मी समाज, सौंपा ज्ञापन



**ओरमांझी।** अपने संवैधानिक अधिकार के लिए कुड़मी समाज रेल रोकेगी। इसके लिए आदिवासी कुड़मि समाज के कार्यक्रम प्रभारी विजय आनंद के नेतृत्व में एक प्रतिनिध मंडल द्वारा सोमवार को गृहमंत्री भारत सरकार के नाम एक ज्ञापन में डीसी रांची को सौपा गया है। आदिवासी कुड़मी समाज के केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश सौंपे गए ज्ञापन में कुड़मी समाज को जल्द से जल्द अनुसुचित जनजाति में सूचीबद्ध करने की मांग की गई है। प्रतिनिधि मंडल में विजय आंनद के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष तालेश्वर पुनरियार, प्रदेश संयुक्त सचिव मनीलाल बंसीरयार, महिला अध्यक्ष रीता महतो उपस्थित थे।

### मैक्लुस्कीगंज: परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले बच्चे पुरस्कृत

खलारी। मैकलुस्कीगंज के जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में परीक्षाफल वितरण सह मातृ पूजन समारोह का आयोजन किया गया। शत प्रतिशत उपस्तिथि, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्राप्तांक प्राप्त करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा नगद पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मायापुर मुखिया पुष्पा खलखोए प्रबंधन समिति के संरक्षक रामसेवक प्रसाद एवं प्रधानाचार्य लखन कुमार गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य संजय कुमार ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानचार्य ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामशंकर सिंह, ममता देवी, सरिता देवी, विजय कुमार, संतोष मुंडा, सुशीला कुजूर, पिंकी कुमारी, संजु कुमारी, प्रीति कुमारी, मानती देवी का योगदान रहा।

### नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप: कस्तूरबा की छात्राएं छत्तीसगढ़ रवाना

**बुंडू।** नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बुंडू के कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं सोमवार को छत्तीसगढ़ भिलाई के लिए रवाना हुए। थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 30 वीं सब जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैम्पीयनशिप जो दिनांक 28 मार्च से 30 मार्च 2023 तक भिलाई छत्तीसगढ़ में आयोजित होगी। इस नेशनल चैंपियनशिप में कस्तूरबा विद्यालय बुंडू की दस छात्राएं कंचन कुमारी, जिना कुमारी, वर्षा कुमारी, ममता कुमारी, सुरभि कुमारी, कौशल्या कुमारी, मधुबाला कुमारी, पूजा कुमारी, मनीषा कुमारी तथा रानी कुमारी कुमारी, झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए सोमवार को भिलाई रवाना हो गई। छात्राओं का झारखंड टीम में चयन दिसंबर 2022 में खेलगांव रांची में आयोजित स्टेट लेवल चैंपियनशिप के दौरान हुआ था। छात्राओं के साथ विद्यालय की फिजिकल टीचर श्सुनीता महतो भी भिलाई गई हैं।छात्राओं के सफलता पर बीईओ बुंडू रहमत अली, विद्यालय की वार्डन भूमिका कुमारी, शिक्षिका ज्योत्स्ना शांडिल, शिक्षिका चांदनी कुमारी ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

